OM-21 - 2021 FINAL FILE_Page 1 and 2 27/01/2021 4:29 PM Page 8



### राष्ट्रीय युवा दिवस पर ज्ञानसरोवर से जानकी पार्क तक 'पीस मार्च'

# युवाओं की वृत्ति सकारात्मक बनाना इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य



**ज्ञानसरोवर-मा.आबू।** राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) पर ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञानसरोवर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर ज्ञानसरोवर से पीस मार्च निकाला गया जिसका समापन जानकी पार्क में हुआ। शांति यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ करते हुए ज्ञानसरोवर निदेशिका राजयोगिनी ब्र.कु. डॉ. निर्मला दीदी ने कहा कि आज युवाओं की वृत्ति नकारात्मकता की ओर बढ़कर हिंसात्मक होती जा रही है, ऐसे में उन्हें शांति का संदेश देना बहुत ज़रूरी है। जानकी पार्क के मंच से वरिष्ठ राजयोगी ब्र.कु. सूर्य ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वामी जी की आध्यात्मिकता के प्रति गहरी रुचि थी। वे खास मेडिटेशन करते थे। अमेरिका के शिकागो शहर में विश्व धर्म सम्मेलन में जब वे बोल रहे थे 'मेरे भाइयों एवं बहनों' तो बोल के साथ-साथ पवित्र वायब्रेशन्स भी काम कर रहे थे। यूथ विंग के प्लानिंग कमेटी मेम्बर ब्र.कु. जीतू ने 'यूथ फॉर ग्लोबल पीस' प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अलग-अलग महीनों में क्या-क्या प्रोग्राम होने हैं। अजमेर से आईं यूथ विंग की प्लानिंग कमेटी मेम्बर ब्र.कु. रूपा ने राजस्थान में हो रही युवा सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर स्वामी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लगभग 150 युवा भाई-बहनों ने इस शांति यात्रा में भाग लिया। इसका कुशल संचालन यूथ विंग के प्लानिंग कमेटी मेम्बर ब्र.कु. वीरेन्द्र ने किया। ब्र.कु. दिलीप और ब्र.कु. विजय ने स्वामी विवेकानंद जी का ड्रेस पहन कर यात्रा की शोभा बढ़ायी। भारत देश का तिरंगा झण्डा भी पीस मार्च की शोभा रहा।

# भारत की सनातन संस्कृति समस्त संसार की पथ प्रदर्शक

**झोझूकलां-कादमा(हरियाणा)।** ब्रह्माकुमारीज़, हिन्दुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स, ग्रामीण विकास परिषद् एवं दादरी योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस(स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेन्द्र में 89वां विशाल 'रक्तदान शिविर' एवं स्वास्थ प्राप्त करने के लिए भारत की ओर उन्मुख है। ब्र.कु. सुनील, कप्तान सूरज भान, आर्यन कोचिंग सेंटर के संचालक मास्टर रविंद्र सांगवान ने भी युवकों को समाज निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराते हुए कहा कि नेत्र जांच शिविर, रक्तदान शिविर, योग शिविर यह सभी हमें मानव हित,



'युवा और समाज निर्माण' विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. वसुधा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने मात्र 39 वर्ष की आयु में देश और विदेश में भारत की सत्य सनातन संस्कृति की पताका को फहराया। वे युवकों को सदा पुरुषार्थ, योग साधना और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते रहे। स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिशन सिंह आर्य ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति सदैव दुनिया का पथ प्रदर्शित करती रही है। आज भी योग, आयुर्वेद के माध्यम से दुनिया शांति और समाज हित व राष्ट्र हित के कार्यों से जोड़ते हैं। मास्टर रविंद्र सांगवान व मास्टर संजू ने सभी महानुभावों का स्काउट्स का प्रतीक चिन्ह स्कार्फ व तिरंगा पट्टी पहना कर स्वागत किया। शिविर संयोजक मास्टर सुनील तिवाला व बिशन सिंह आर्य ने बताया कि इस अवसर पर 48 लोगों ने रक्त दान करके समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया है। दीप प्रज्वलन में नरेश कुमार, होंडा ग्रुप की ओर से रवि कुमार आदि शामिल रहे। अंत में सभी रक्तदाताओं और मेहमानों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों की उन्नति में संस्था की व्यापक कार्य योजना सराहनीय

**अयोध्या-फैजाबाद(उ.प्र.)।** राष्ट्रीय किसान दिवस पर वजीरबाग सेवाकेन्द्र द्वारा आयोजित 'किसान संगोष्ठी' में ग्राम विकास अधिकारी ज्योति बहन ने कहा कि खेती में आने वाली समस्याओं को दूर कर किसानों को उपज की समुचित लागत उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। हमें बहुत खुशी है कि परम्परागत यौगिक विधि द्वारा कम लागत में उन्नत पैदावार के लिए



ब्रह्माकुमारी संस्था व्यापक कार्य योजना बना रही है। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शशी ने कहा कि अन्न का मन और मन का अन्न के ऊपर गहरा प्रभाव पड़ता है, अतः श्रेष्ठ एवं सुखद भावनाओं के साथ, प्रकृति के प्रति प्रेम और आदर के भाव को जागृत करते हुए हमें अपनी खेती को उन्नत बनाना होगा। ब्र.कु. डॉ. फूलचन्द ने किसानों को शाश्वत यौगिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ब्र.कु. कमलापति भाई ने संस्था के ग्राम विकास प्रभाग द्वारा खेती एवं ग्राम विकास के क्षेत्र में की जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी दी। ब्र.कु. शीलू बहन ने संस्था द्वारा किसानों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और उन्नत पैदावार हेतु सिखाए जाने वाली राजयोग की प्रयोगात्मक विधि से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. रामजीत भाई ने किया।

# युवाओं की ऊर्जा विश्व शांति हेतु उपयोग हो

**ग्वालियर-लश्कर(म.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर 'विश्व शांति के लिए युवा' विषय पर आयोजित भव्य कार्यक्रम में ब्र.कु. प्रहलाद ने सभी को 'यूथ फॉर ग्लोबल पीस' प्रोजेक्ट का उद्देश्य बताते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ के युवा प्रभाग द्वारा संचालित इस नए प्रोजेक्ट



का प्रयास है कि युवाओं की ऊर्जा विश्व शांति हेतु उपयोग हो, युवाओं को हर तरह से सक्षम बनाना ताकि वे राष्ट्र के काम आ सकें। युवाओं को केवल समाधान देना नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा बनाना इस अभियान का उद्देश्य है। यह अभियान इस वर्ष के अगस्त मास तक चलेगा। विधायक प्रवीण पाठक,दक्षिण ग्वालियर ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि आज युवा प्रभाग के द्वारा जिस प्रोजेक्ट का शुभारंभ हो रहा है इसका लाभ इस क्षेत्र के सभी युवाओं को मिलेगा। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. आदर्श बहन ने सभी को परमात्मा का दिव्य संदेश दिया तथा राजयोग मेडिटेशन द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराई। इसके पश्चात् ग्वालियर जिले में सेवारत लगभग पच्चीस समाज सेवी संस्थाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन ब्र.कु. डॉ. गुरचरण ने किया तथा ब्र.कु. प्रहलाद ने आभार व्यक्त किया।

# दिखावे में न जीयें आज के युवा

**जमशेदपुर-झारखण्ड।** ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में ब्र.कु. आभा ने स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी कई प्रेरणादायक



घटनाएं सुनायीं। संस्था के युवा प्रभाग की ओर से 'वैश्विक शांति के लिए युवा' विषय को प्रोजेक्ट के ज़रिये दिखाया गया। टाटा स्टील एच.आर.एम. की पूर्व प्रमुख ज्योति पांडेय ने कहा कि युवाओं को स्वयं के अंदर की अच्छाई पर ध्यान देने की ज़रूरत है। तुलनात्मक वृत्ति के कारण आज युवा दिखावे में जी रहे हैं, जो उनके पतन का कारण बन रहा है। ब्रह्माकुमारीज़ कोल्हान प्रमंडल की प्रमुख ब्र.कु. अंजु दीदी ने कहा कि ज़्यादातर युवाओं में धैर्य की कमी हो जाती है।



शांति को जीवन में महत्व देने से इसे ठीक किया जा सकता है। उन्होंने मेडिटेशन के ज़रिये सभी को शांति की शक्ति का अनुभव कराया।

# वर्तमान समय आध्यात्मिकता से मिलेगी नई दिशा

**नेपाल-मधेपुरा।** ब्रह्माकुमारीज़ के नवनिर्मित 'सुख शांति भवन' के उद्घाटन पर आध्यात्मिक प्रवचन एवं भव्य स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ की क्षेत्रीय संचालिका ब्र.कु. भगवती दीदी ने कहा कि नवनिर्मित सुख शांति भवन में मानव जीवन में कार्य कुशलता, व्यवसायिक दक्षता, बौद्धिक विकास एवं विभिन्न विषयों के साथ आपसी स्नेह, सत्यता, पवित्रता, अहिंसा आदि मानवीय मूल्यों का पाठ सभी को पढ़ाया जाएगा। स्थानीय शाखाओं में दस वर्षों से अध्यात्म के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यकलापों व इसकी सार्थकता के बारे में संस्थान के सीमावर्ती क्षेत्र प्रभारी ब्र.कु. रंजू दीदी ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। ब्र.कु. दीपक, राजबिराज ने कहा कि जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नहीं अपनाते, तब तक जीवन में मानवीय नैतिक मूल्य नहीं आ सकते। विधायक प्रो. चंद्रशेखर यादव ने कहा कि वर्तमान समय में समाज के हर नर-नारी एवं युवाओं



को आध्यात्मिकता द्वारा ही नई दिशा मिलेगी। ब्र.कु. देवान,मा.आबू ने कहा कि 1937 में सिंध हैदराबाद में ओम मंडली के रूप में एक छोटा-सा पौधा परमात्मा ने लगाया था। आज वह प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के रूप में विश्व के 150 देशों में एक वटवृक्ष की भांति सर्व मानव आत्माओं को सुख शांति की छाया दे रहा है। ब्र.कु. संगीता दीदी,उपक्षेत्रीय निदेशिका,पटना, बिहार ने कहा कि परमात्मा शिव ज्ञान का कलश माताओं, बहनों को देकर उनके द्वारा फिर से संसार में फैले आसुरी संस्कारों का नाश करा रहे हैं। ब्र.कु. शिखा,पीएम टीवी,मा.आबू ने कहा कि राजयोग की नित्य शिक्षा से हम अपनी कर्मेन्द्रियों को संयमित कर व्यवहार में निखार ला सकते हैं। कार्यक्रम का संचालन ब्र.कु. किशोर ने किया। कार्यक्रम में नेपाल ऑयल निगम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर हरी प्रसाद सिंह, समाजसेवी डॉ. भूपेन्द्र मधुपुरी, राष्ट्रीय इस्पात नि.लि. के उप महाप्रबंधक नरेश कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 12th Jan, 2021
स्वामी - आर.ई.आर.एफ. (मीडिया विंग), प्रकाशक - गंगाधर नरसिंघानी, मुद्रक - डी.बी. कॉर्प.लि. द्वारा भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, डी.बी. कॉर्प.लि.,शिवदासपुरा, टोंक रोड,जयपुर से मुद्रित एवं ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित, सम्पादक - गंगाधर नरसिंघानी।
कार्यालय - ओम शान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन, आबू रोड(राज.)- 307510
See Latest News - www.omshantimedia.org